Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 23-11-2006

Participants : Chavan Shri Harischandra Devram

>

Title: Need to make budgetary allocation for development of backward districts in the country.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : महोदय, देश के कई क्षेत्र बहुत ही पिछड़े हुए हैं और इन पिछड़े क्षेत्रों का विकास नहीं होने के कारण देश का सन्तुलित विकास नहीं हो पा रहा है। इन क्षेत्रों को कोई सुविधा नहीं मिल पाती है जिसके कारण देश में कई आर्थिक समस्याएं खड़ी हुई हैं। लोग एक क्षेत्र से पलायन कर जाते हैं1 मेरा संसदीय क्षेत्र बनासकांठा गुजरात का सबसे पिछड़ा क्षेत्र है जहां पर विशो ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा पिछड़े क्षेत्र के विकास के लिए बजट में प्रावधान किया जाना चाहिए।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि बजट में पिछड़े क्षेत्रों के विकास हेतु प्रावधान किया जाये और बराबर इस बात का ध्यान रखा जाये कि सन्तुलित विकास कार्य ठीक ढंग से चल रहा है या नहीं।